

माधव गौशाला में हुआ सामूहिक गौ पूजन

आगर मालवा-माधव गौशाला आगर में पड़वा के अवसर पर सामूहिक गो पूजन का आयोजन किया गया जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेंद्र कुमार मारू,मुख्य अतिथि प्रकाश चौधरी,कार्य अध्यक्ष ओम प्रकाश गोयल,उपाध्यक्ष नवनीत पालीवाल,डॉ नलिनीकांत शर्मा जी,दुर्गा शंकर गुप्ता,कमल अग्रवाल मंचासीन थे पंडित बालकृष्ण भट्ट द्वारा विधिक मंत्र उचार से गौमाताओं का सामूहिक गौपूजन सम्पन्न करवाया कार्यक्रम का संचालन सचिव संजय जायसवाल ने गौशाला की विभन्न गतिविधियों की जानकारी दी कोषाध्यक्ष रमेश चंद अटल द्वारा आय व्यय प्रस्तुत किया गया उसके बाद संस्था में कार्यरत 20 कर्मचारियों को मिठाई-वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया कार्यक्रम के दौरान 11 हजार रुपए दान स्वरूप प्राप्त हुए इस अवसर पर गौशाला संयुक्त सचिव अंकुश भटनागर,विपिन मुंदड़ा, गिरीश मालानी,प्रहलाद सोलंकी,अनिल कोठारी,बृजेश सेठी सहित गौशाला के पदाधिकारीगण व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे आभार संयुक्त सचिव अंकुश भटनागर ने माना।।

सुहाग पड़वा पर महिलाओं ने पारंपरिक रूप से जलाया टोपला, तापकर मनाया पर्व



आगर-मालवा । मंगलवार को सुहाग पड़वा पर्व माली खेड़ी रोड स्थित पुरुषोत्तम नगर में महिलाओं ने पारंपरिक उत्साह, श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया। महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाज के अनुसार टोपला जलाकर सामूहिक रूप से ताप किया। इस लोक परंपरा में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पर्व की खुशियां साझा कीं। महिलाएं पारंपरिक परिधान एवं सोलह श्रृंगार में नजर आईं। टोपला जलाकर तापने की परंपरा के दौरान आपसी मेल-मिलाप, हंसी-खुशी और लोक संस्कृति की सुंदर झलक देखने को मिली। इसके पश्चात महिलाओं ने मंदिर में जाकर दर्शन किए एवं एक-दूसरे को सुहाग पड़वा की शुभकामनाएं दीं। यह पर्व भारतीय संस्कृति, लोक आस्था और पारंपरिक रीति-रिवाजों को जीवंत बनाए रखने का प्रतीक है।

बाइक की आमने-सामने भिड़ंत में 17 वर्षीय किशोर की मौत, एक घायल



सारंगपुर। सोमवार को तलेन थाना क्षेत्र के टिकोद-बनी मार्ग पर दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में ग्राम बनी निवासी 17 वर्षीय किशोर विकास मोंगिया की मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। जानकारी के अनुसार ग्राम बनी निवासी विकास पिता ओमप्रकाश मोंगिया (17) की बाइक की सामने से आ रही दूसरी बाइक से टक्कर हो गई। हादसे में विकास गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं दूसरी बाइक पर सवार पप्पू पिता धारू सिंह मोंगिया (32) भी घायल हो गए। घटना के बाद परिजन विकास को निजी वाहन से सिविल अस्पताल सारंगपुर लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

जल्लीकट्टू की तर्ज पर सुल्तानिया में अनूठी गो-क्रीड़ा, हजारों ग्रामीणों ने लिया आनंद

सारंगपुर । पडावा पर्व पर परंपराएं जब आस्था, सद्भाव और भाईचारे के साथ निभाई जाती हैं तो वे मिसाल बन जाती हैं। ऐसी ही सदियों पुरानी परंपरा राजगढ़ जिले के सारंगपुर क्षेत्र के सुल्तानिया गांव में आज भी जीवंत है। दीपावली के दूसरे दिन पड़वा पर यहां गाय पूजन के बाद तमिलनाडु के जल्लीकट्टू की तर्ज पर पारंपरिक गो-क्रीड़ा (छोड़ा उत्सव) का आयोजन किया गया। इसे देखने के लिए आसपास के गांवों से हजारों ग्रामीण पहुंचे और पूरे उत्साह के साथ आयोजन का आनंद लिया।



इस तरह निभाई जाती है परंपरा-इस अनूठे आयोजन में ग्रामीण लकड़ी के डंडे पर तुलसी प्रजाति के पौधों के गट्ठर बांधते हैं। इसके साथ चमड़े की रस्सी लगाकर गायों के सामने ले जाया जाता है। ग्रामीणों के अनुसार चमड़े को अपवित्र मानने की धार्मिक मान्यता के चलते गाय उस पर सींगों से प्रहार कर उसे दूर करती है। इस प्रक्रिया को बार-बार दोहराया जाता है। ग्रामीण बुजुर्ग बंसीलाल पटेल बताते हैं कि यह परंपरा भगवान देवनारायण से जुड़ी हुई है, जिसे पीढ़ी दर पीढ़ी निभाया जा रहा है।

आस्था के साथ जोखिम भी-ग्रामीण इस खेल को गांव की सुख-शांति, समृद्धि और गौसेवा का प्रतीक मानते हैं। इसके लिए पशुपालक सालभर गायों की सेवा करते हैं और पड़वा के दिन इस आयोजन में शामिल होते हैं। हालांकि यह परंपरा जोखिम भरी भी है। कई बार गायों के हमले में लोग घायल हुए हैं और पूर्व में जनहानि की घटनाएं भी सामने आई हैं, इसके बावजूद ग्रामीणों की आस्था और उत्साह में कमी नहीं आई है। इस आयोजन की विशेषता यह है कि इसमें सभी धर्म, जाति और समाज के लोग सद्भाव के साथ शामिल होते हैं। बड़ी संख्या में लोग मकानों की छतों पर चढ़कर इस अनूठी गो-क्रीड़ा को देखते नजर आए। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पचोर थाना पुलिस के जवान भी मौके पर मौजूद रहे।



गोवर्धन पूजा पर मंत्री टेटवाल ने किया गौमाता का पूजन-अर्चन कर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की,

सारंगपुर। गोवर्धन पूजा के पावन अवसर पर मध्य प्रदेश शासन के कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने सारंगपुर स्थित श्री कपिलेश्वर गौशाला पहुंचकर विधि-विधान से भगवान श्रीकृष्ण, बलराम जी एवं गौमाता का पूजन-अर्चन किया। इस दौरान उन्होंने गौमाता की आरती कर देश और प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। मंत्री डॉ. टेटवाल ने कहा कि भारतीय सनातन परंपरा में गोवर्धन पूजा का विशेष महत्व है। भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को अपनी कनिष्ठ अंगुली पर धारण कर प्रकृति, पर्वत, जल, वनस्पति और गौवंश के संरक्षण का संदेश दिया था। गोवर्धन पूजा हमें प्रकृति के प्रति कृतज्ञता और जीवमात्र के प्रति करुणा का भाव रखने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि गौमाता भारतीय संस्कृति, आस्था और सनातन परंपरा का अभिन्न अंग हैं। गौसेवा केवल धार्मिक कर्तव्य नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी भी है। प्रत्येक व्यक्ति को गौवंश के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए आगे आना चाहिए। ड्ड

पांच साल का पूरा वेतन कन्या विवाह के लिए करेंगे दान, 101 जोड़ों का होगा नि:शुल्क विवाह,जनपद अध्यक्ष नागर की अनूठी पहल,

सारंगपुर। जरूरतमंद परिवारों की बेटियों के विवाह में सहयोग और सामाजिक सरोकार की मिसाल पेश करते हुए सारंगपुर जनपद पंचायत अध्यक्ष देवनारायण नागर ने अपने पांच साल के पूरे वेतन को कन्या विवाह के लिए दान करने का संकल्प लिया है। इस पहल के तहत 12 दिसंबर को प्रसिद्ध भैंसवा माता बीजासन मंदिर परिसर में 101 जोड़ों का नि:शुल्क सर्व समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। खास बात यह है कि आयोजन में शामिल होने वाले किसी भी वर-वधू पक्ष से एक रुपया भी नहीं लिया जाएगा। विवाह की संपूर्ण व्यवस्थाओं का खर्च जनपद अध्यक्ष स्वयं उठाएंगे, वहीं उनका परिवार भी पैतृक संपत्ति से आर्थिक सहयोग करेगा। देवनारायण नागर ने बताया कि 13 दिसंबर को वे अपने जीवन के 41वें वर्ष में प्रवेश करेंगे। जन्मदिन को यादगार बनाने और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों की मदद करने के उद्देश्य से उन्होंने यह निर्णय लिया है। जनपद अध्यक्ष के रूप में मिलने वाले 19,500 रुपए प्रतिमाह के पूरे वेतन को वे इस आयोजन के लिए समर्पित करेंगे।

पांच साल में 11.70 लाख रुपए करेंगे दान-नागर के अनुसार पांच साल के कार्यकाल में उन्हें करीब 11 लाख 70 हजार रुपए वेतन के रूप में मिलेंगे। यह पूरी राशि सामूहिक विवाह आयोजन में खर्च की जाएगी। सम्मेलन में शामिल होने के इच्छुक परिवारों को युवक-युवतियों के उम्र प्रमाण पत्र के साथ 28 नवंबर तक पंजीयन कराना होगा। इसके लिए आयोजक की ओर से आठ संपर्क नंबर जारी किए गए हैं। आयोजन का उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक राहत देने के साथ सर्व समाज में सामाजिक समरसता और सहयोग की भावना को मजबूत करना है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हाफिज मेव का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर,

सारंगपुर। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हाफिज मेव का शनिवार 7 नवंबर को निधन हो गया। उनके इंतकाल की खबर से कांग्रेस कार्यकर्ताओं, समर्थकों और परिचितों में शोक की लहर छा गई। हाफिज मेव लंबे समय से कांग्रेस पार्टी से जुड़े हुए थे और क्षेत्र में अपनी पहचान रखते थे। रविवार 8 नवंबर को सुबह 11 बजे शकर कुआं स्थित मस्जिद में उनकी जनाजे की नमाज अदा की गई। इसके बाद उन्हें दशहरा मैदान के पास स्थित कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। अंतिम विदाई के दौरान कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं, समाजजनों, रिश्तेदारों और बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद रहे। इस दौरान कांग्रेस पार्टी के शहर अध्यक्ष आविद हुसैन लोदी सहित कांग्रेस के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने शामिल होकर हाफिज मेव को श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कीं। हाफिज मेव के निधन को कांग्रेस परिवार के लिए अपूरणीय क्षति बताते हुए उपस्थित लोगों ने उनके साथ बिताए समय को याद किया। उनके निधन से नगर में शोक का माहौल है।

ब्रह्म मुहूर्त में अजीतनाथ जैन मंदिर का द्वारोद्घाटन,



आगर मालवा। मंगलवार प्रातःकाल ब्रह्म मुहूर्त में अजीतनाथ जैन मंदिर में विधि-विधान एवं धार्मिक मंत्रोच्चार के साथ मंदिर का द्वारोद्घाटन संपन्न हुआ। इसके पश्चात परमात्मा का प्रथम अभिषेक एवं भव्य आरती एवं प्रभावना का आयोजन किया गया। इन सभी धार्मिक क्रियाओं का पुण्यलाभ कैलाशचंद मदनलाल जी भंडारी (पूर्व विधायक परिवार) को प्राप्त हुआ। इस पावन अवसर पर मंदिर के पुजारी एवं कर्मचारियों का सम्मान कर उनका बहुमान किया गया। धार्मिक परंपरा के अनुरूप आयोजित इस कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव के साथ सहभागिता कर धर्मलाभ प्राप्त करने व द्वारोद्घाटन एवं अभिषेक-आरती के पश्चात इमली गली स्थित उपाश्रय में धार्मिक आयोजन हुआ, जहां गौतम रास का आयोजन किया गया। इसके साथ ही पूज्य मृदुभाषिणी साध्वी श्री सौम्यवदना श्री जी म.सा. द्वारा उपस्थित श्रावक-श्राविकाओं को मांगलिक प्रदान की गई। समूचा आयोजन श्रद्धा, भक्ति एवं धर्ममय वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर समाजजनों एवं श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने संवत 2083 के लिए चुने 10 प्रमुख शेयर, 15% से 38% तक बढ़त की संभावना

मुंबई, : एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने अपना मनीफेस्ट 2026 - संवत 2083 दिवाली शेयर चयन पेश किया है। इसके तहत कंपनी ने सीमेंट, बिजली, ऊर्जा, रक्षा, ऑटोमोबाइल, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी), कपड़ा, धातु, फार्मास्यूटिकल्स और बुनियादी ढांचा सहित प्रमुख क्षेत्रों के 10 शेयरों की पहचान की है। शोध के आधार पर तैयार इस सूची में सात बड़ी कंपनियों के शेयर और तीन मिड-कैप व स्मॉल-कैप श्रेणी के निवेश अवसर शामिल हैं। इनका चयन कंपनियों की बुनियादी वित्तीय स्थिति, भविष्य में कमाई की संभावनाओं और संबंधित क्षेत्रों की विकास क्षमता को ध्यान में रखकर किया गया है। अगले दिवाली तक की निवेश अवधि को ध्यान में रखते हुए, एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने इन शेयरों में 15% से 38% तक की संभावित बढ़त का अनुमान जताया है। यह अनुमान 30 अक्टूबर 2026 के बंद भाव के आधार पर लगाया गया है।

संवत 2083 के लिए चुने गए प्रमुख शेयर

अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड (सीमेंट): लक्ष्य मूल्य ?481 7 संभावित बढ़त 38%, अडानी पावर लिमिटेड (बिजली): लक्ष्य मूल्य ?234 7 संभावित बढ़त 24%, कोल इंडिया लिमिटेड (ऊर्जा): लक्ष्य मूल्य ?490 7 संभावित बढ़त 26%, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (रक्षा): लक्ष्य मूल्य ?475 7 संभावित बढ़त 28%, मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (ऑटोमोबाइल): लक्ष्य मूल्य ?13,900 7 संभावित बढ़त 22%, कैन फिन होम्स लिमिटेड (एनबीएफसी): लक्ष्य मूल्य ?845 7 संभावित बढ़त 17%, के.पी.आर. मिल लिमिटेड (कपड़ा): लक्ष्य मूल्य ?1,289 7 संभावित बढ़त 16%, टाटा स्टील लिमिटेड (धातु): लक्ष्य मूल्य ?210 7 संभावित बढ़त 25%, एमक्योर फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड (दवा उद्योग): लक्ष्य मूल्य ?2,,208 7 संभावित बढ़त 18% लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड (बुनियादी ढांचा): लक्ष्य मूल्य ?4,458 7 संभावित बढ़त 15% एचडीएफसी सिक्योरिटीज का मानना है कि संवत 2083 में निवेश के दौरान शेयरों का चयन करते समय जमीनी स्तर पर कंपनियों का आकलन करना महत्वपूर्ण होगा। इसके लिए कंपनियों की अपनी वित्तीय स्थिति, कारोबार की मजबूती और संबंधित क्षेत्रों में उपलब्ध विकास के अवसरों को ध्यान में रखना जरूरी होगा।

खाचरोद सब स्टेशन की बदहाल व्यवस्था से किसान परेशान, अधिकारियों को दी आंदोलन की चेतावनी।

बिजली अव्यवस्था पर फूटा किसानों का गुस्सा, सुधार नहीं हुआ तो कांग्रेस के नेतृत्व में होगा आंदोलन



आष्टा विद्युत वितरण क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले खाचरोद सब स्टेशन पर लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती और अन्य अव्यवस्थाओं को लेकर आखिरकार किसानों का आक्रोश फूट पड़ा। बार-बार अधिकारियों को शिकायत करने के बावजूद बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं होने से नाराज ग्रामीणों ने आज तहसील कार्यालय आष्टा पहुंचकर अनुविभागीय अधिकारी को मुख्य विद्युत विभाग अधिकारी की उपस्थिति में क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया।

इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेन्द्रसिंह मेमदाखेड़ी ने कहा कि पूरे आष्टा अनुविभाग में बिजली व्यवस्था चरमराई हुई है, लेकिन खाचरोद सब स्टेशन की स्थिति बेहद चिंताजनक है। हालात इतने खराब हैं कि पिछले 15 दिनों में महज चार दिन ही बिजली ठीक ढंग से मिल पाई है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के किसान रात-रात भर अपनी मोटरों के पास बैठकर बिजली आने का इंतजार करते रहते हैं, लेकिन समय पर बिजली नहीं मिलने से उनकी खेती और सिंचाई का काम बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। किसानों द्वारा लगाए गए गंभीर आरोपों के अनुसार, ड्यूटी के दौरान जिम्मेदार ऑपरेटर शराब पीकर सोए रहते हैं स्थिति यह है कि कर्मचारी से लेकर अधिकारियों तक फोन लगाने पर भी कोई जवाब नहीं मिलता और किसान अपनी समस्याओं के समाधान के लिए भटकते रहते हैं। ग्राम सांगाखेड़ी और मेमदाखेड़ी के किसानों ने बताया कि पूरा क्षेत्र पार्वती नदी के पानी पर निर्भर है और नदी में भी अब सीमित पानी शेष बचा है। इसके बावजूद बिजली की बदहाल व्यवस्था के कारण किसान अभी तक अपनी फसलों को पहला पानी तक नहीं दे पाए हैं। यदि समय रहते बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो किसानों की मेहनत और फसल दोनों पर संकट खड़ा हो सकता है।

ग्रामीणों ने अधिकारियों के सामने अपनी समस्याएं रखते हुए मांग की कि खाचरोद सब स्टेशन की बिजली व्यवस्था तत्काल दुरुस्त की जाए, अघोषित कटौती बंद हो तथा जिम्मेदार कर्मचारियों की जवाबदेही सुनिश्चित की जाए।

अधिकारियों द्वारा बिजली व्यवस्था शीघ्र सुचारू करने का आश्वासन दिया गया है।

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेन्द्रसिंह मेमदाखेड़ी ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ और किसानों को नियमित बिजली उपलब्ध नहीं कराई गई तो क्षेत्र के समस्त किसानों के साथ कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व में व्यापक आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी विद्युत विभाग के अधिकारियों की होगी। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य कमलसिंह चौहान, सोहेल मिर्जा, इदरीस मंसूरी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष जाहिद गुड्डू, एच आर परमाल, घनश्याम जांगड़ा, तौसीफ़उद्दीन एवं मेमदाखेड़ी के अनेक किसान मौजूद रहे।

सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन साहब के आगर आगमन पर भारत विकास परिषद ने किया स्वागत



आगर मालवा। वैश्विक दाउदी बोहरा समुदाय के 53वें धर्मगुरु सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन साहब के आगर प्रवास के अवसर पर भारत विकास परिषद, शाखा-आगर मालवा द्वारा उनके स्वागतार्थ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर परिषद के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए सैयदना साहब के आगमन पर उनका अभिनंदन किया। परिषद सदस्यों ने इस अवसर को सामाजिक सौहार्द, आपसी सद्भाव एवं आत्मीयता का प्रतीक बताते हुए अपनी सहभागिता प्रदर्शित की। कार्यक्रम में रमण जैन, मुकेश भटनागर, सतीश पालीवाल, राजेश भटनागर, नरेन्द्र मालानी, जगदीश कसेरा आदि उपस्थित थे।

महावीर स्वामी निर्वाण दिवस और गौतम स्वामी केवलज्ञान पर झारड़ा में गूंजे जयकारे, अर्पित हुआ निर्वाण लड्डू

महिदपुर। जवाहर डोसी पीयूष झारड़ा में भगवान महावीर स्वामी के निर्वाण दिवस एवं गणधर भगवंत गुरु गौतम स्वामी के केवलज्ञान कल्याणक के पावन अवसर पर स्थानीय जैन मंदिर में श्रद्धा,उल्लास और भक्तिभाव के साथ धार्मिक आयोजन संपन्न हुआ।इस अवसर पर जैन श्रीसंघ ने नववर्ष के मंगलमय एवं सुख-समृद्धिपूर्ण होने की कामना की। प्रसिद्ध विधिकारक पंकज नवलखा के मार्गदर्शन में श्रीसंघ की उपस्थिति में विधि-विधानपूर्वक भगवान महावीर स्वामी के चरणों में निर्वाण लड्डू अर्पित किया।इस दौरान मंदिर परिसर भगवान महावीर स्वामी के जयकारों से गूंज उठा। निर्वाण लड्डू अर्पण के पश्चात गुरु गौतम स्वामीजी की प्रतिमा के सम्मुख श्रद्धापूर्वक गौतम रास का वाचन किया गया।उपस्थित श्रावक-श्राविकाओं ने गुरु गौतम स्वामी के गुणों का स्मरण करते हुए भक्ति का लाभ लिया। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक प्रार्थना कर सभी के सुख,शांति,स्वास्थ्य एवं समृद्धि की कामना की गई।इस अवसर पर प्रेमलता बेन रखवचंद चोरड़िया परिवार ने प्रभावना का लाभ लिया। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी पारस चोरड़िया ने दी।



खंडेलवाल समाज का दिवाली मिलन समारोह सम्पन्न



आगर-मालवा । खंडेलवाल समाज का दीपावली मिलन समारोह संपन्न हुआ कार्यक्रम के अंतर्गत अन्नकूट महोत्सव मनाया गया । कार्यक्रम का शुभारम्भ समाज के वरिष्ठ बृज मोहन मेठी, दिनेश खंडेलवाल, सुरेश खंडेलवाल द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय खंडेलवाल एवं उपाध्यक्ष अंकुश अमेठी ने उपस्थित समाज जनों का स्वागत कर उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन रश्मि खंडेलवाल ने किया आभार प्रिया अमन मेठी ने माना ।